प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

09.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी प्रकार की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों को सुनियोजित तरीके से हाईजैक करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2 वर्ष तक चुनाव टालने के लिए जोर लगाया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक ले गई। लेकिन जब अदालत ने 31 मई से पहले चुनाव करवाने के स्पष्ट आदेश दिए तो अब सरकार ने नया खेल शुरू कर दिया है। बिंदल ने आरोप लगाया कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि आरक्षण रोस्टर को रोजाना बदला जा रहा है।

एलपीजी

प्रदेश में लोगों की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य सरकार सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ावा देगी। खाद्य व आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम ने शिमला में आयोजित एक समीक्षा बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि सीजीडी नेटवर्क भूमिगत पाईप लाईनों का आपस में जुड़ा तंत्र है जो घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को सीधे प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एलपीजी के मुकाबले स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती विकल्प प्रदान करती है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई जिससे न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट आई है। लाहौल स्पिति के केलांग में सबसे कम न्यूनतम तापमान माईनस शून्य दमशलव 4 दर्ज किया गया। हालांकि आज कई इलाकों में तेज धूप निकलने से कुछ राहत भी मिली। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं व आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने जबकि कल से मौसम साफ रहने की सम्भावना जताई है।

संवाद

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत मेरा युवा भारत द्वारा 12 व 13 अप्रैल को चंडीगढ़ में बजट क्वेस्ट 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ व पंजाब के 7 सौ 14 चयनित युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से 2 सौ 62 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिनमें कांगड़ा जिला के 58 युवा शामिल हैं। 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिभागियों से वर्चुअल संवाद कर बहुमूल्य सुझाव देंगे।